## महत्वपूर्ण एवं खास

### किसान पोर्टल में पंजीयन संबंधी समस्या का हुआ त्वरित निराकरण

**रायगढ़।** धान बिक्री की ऋण पुस्तिका में लंबरदार का नाम नही होने संबंधी में खबर समाचार पत्र में प्रकाशित हुई थी। जिसके संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (रा)सारंगढ़ नंदकुमार चौबे ने बताया कि ग्राम रामटेक के निवासी कृषक श्याम कुमार पटेल पिता स्व.कलपराम पटेल के सेवा सहकारी समिति कनकबीरा में धान पंजीयन के लिए पंजीकृत है। किसान द्वारा प्रस्तुत आवेदन में कहा गया था कि संयुक्त खाते में अन्य हिस्सेदार नेतराम, मालिकराम, सालिकराम, हेतराम पिता भोगीलाल है। पोर्टल में पंजीयन जांच करने पर सहखातेदारों के नाम पर पंजीयन दिखा रहा है तथा मेरा पंजीयन में नंबरदार था लेकिन पोर्टल में इसका उल्लेख नहीं दिख रहा था। इस संबंध में आवेदन प्रस्तुत करने के पश्चात अधिकारियों द्वारा पोर्टल की जांच कर किसान की पंजीयन संबंधी समस्या का निराकरण कर दिया गया है। जिससे अब किसान का नाम नंबरदार के रूप में पोर्टल में प्रदर्शित हो रहा है।

### सारंगढ़ व घरघोड़ा ब्लाक में कोविड से मृत लोगों के वारिसानों को अनुग्रह सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**रायगढ़।** छ.ग.शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय रायपुर द्वारा जारी आदेशानुसार रायगढ़ जिले में कोविड-19 कोरोना वायरस से मृत व्यक्तियों के परिजनों व आश्रितों को कलेक्टर रायगढ़ के अनुमोदन उपरांत संबंधित अनुविभाग के एसडीएम व तहसीलदार के प्रकरण पश्चात पात्र पाए गए 20 मृतकों के नजदीकी वारिसानों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। कलेक्टर कार्यालय, रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील सारंगढ़ अंतर्गत 13 व्यक्ति जो कोविड से मृत्यु पश्चात पात्र पाए गए इनमें नारायण कहार, हेमंत देवांगन, जगन्नाथ जांगड़े, गणेशराम डनसेना, भजोराम कुर्रे, सीताराम ईजारदार, सहोद्रा कोसले, पकली चौहान, भेषराम, पल्टू, श्रीमती नीरादेवी, घसनीन यादव एवं तुलाबाई जोल्हे शामिल है। इसी तरह तहसील घरघोड़ा अंतर्गत मृत 7 व्यक्तियों में भागीरथी पंडा, छोटेबाई, सम्पतलाल पटेल, पिरीतराम, जलन्धर दास, मोहनलाल एवं नेहरू लाल राठिया शामिल है।

### पंचायत सचिव कृष्णचंद कर्ष निलंबित

**रायगढ़।** जिला पंचायत सीईओ डॉ.रवि मित्तल ने जनपद पंचायत पुसौर ग्राम पंचायत लारा के ग्राम पंचायत सचिव कृष्णचंद कर्ष को गोधन न्याय योजना के तहत गोबर खरीदी एवं गौठान के कार्य में रूचि नहीं लेने, टीकाकरण महा अभियान कार्य में बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित रहने एवं उच्चाधिकारियों के आदेश-निर्देशों की अवहेलना करते हुए अपने पदीय कर्तव्यों एवं दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में इन्हे जनपद पंचायत पुसौर में अटैच किया गया है।

### अतिथि व्याख्याता एक पद के लिए 22 नवम्बर तक आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़।** किरोड़ीमल शासकीय पालीटेक्निक रायगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2021-22 में अध्यापन कार्य हेतु अंग्रेजी विषय में एक रिक्त पदों के विरूद्ध पूर्व स्वीकृत मापदण्डों एवं दरों पर अतिथि व्याख्याताओं के रूप में अध्यापन कार्य करने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए है। इच्छुक अभ्यर्थी 22 नवम्बर 2021 तक आवेदन पालीटेक्निक रायगढ़ में जमा कर सकते है। अध्यापन कार्य हेतु मानदेय प्रति कालखण्ड 300 रुपये की दर से अधिकतम 21 हजार रुपये देय होगा। इसके लिए शैक्षणिक अर्हता छ.ग.तकनीकी शिक्षा (शिक्षण संवर्ग पालीटेक्निक)राजपत्रित सेवा भर्ती नियम के अनुसार होगी। अतिथि व्याख्याता स्थापना के अंतर्गत नहीं माने जायेंगे।

### नक्सलियों ने जनअदालत लगाकर एक ग्रामीण की बेरहमी से की हत्या

**कांकेर (आरएनएस)।** तमाम कोशिशों के बाद भी प्रदेश में नक्सली घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही है। बस्तर संभाग से लगातार नक्सली घटनाएं सामने आ रही है। इसी बीच अब कांकेर जिले से एक बड़ी खबर सामने आई है। यहां नक्सलियों ने जनअदालत लगा कर एक युवक की हत्या कर दी। ये मामला जिले के कोयलीबेड़ा थाना इलाके का है। जानकारी के अनुसार 11 नवंबर को नक्सलियों ने अंतागढ़ के गट्टाकाल जंगल में जनअदालत लगाया था। इस जनअदालत में नक्सलियों ने युवक को मौत के घाट उतार दिया। इस दौरान 40 से ज्यादा हथियार हथियारधारी नक्सली मौजूद थे। वहीं इस मामले पर जिले के एसपी शलभ कुमार सिन्हा ने कहा कि मामले की जानकारी मिले है।

# धन्वंतरी मेडिकल स्टोर्स के निरीक्षण में पहुंचे कलेक्टर

» मेडिकल मोबाइल यूनिट निरीक्षण के दौरान लोगों ने दिया फीडबैक, कहा घर तक चलकर आ रहा है अस्पताल, इलाज की मिल रही बढ़िया सुविधा





**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह ने आज शहर में स्थित धन्वंतरी मेडिकल स्टोर्स का औचक निरीक्षण किया। अशर्फी देवी हॉस्पिटल स्थित धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स पहुंचे वहां उन्होंने मेडिकल स्टोर संचालक से दवाई की ब्रिकी के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने संचालक से प्राइवेट हॉस्पिटल से आने वाले मरीजों की संख्या की जानकारी ली। जिस पर संचालक द्वारा बताया कि वर्तमान में 25 प्रतिशत तक बाहर के अन्य अस्पतालों से लोग दवाई खरीदने आ रहे है। जबकि हॉस्पिटल के सभी मरीज धन्वंतरी से दवाई की खरीदी कर रहे है। जिससे वर्तमान में प्रतिदिन 20-25 हजार रुपये तक की दवाई की ब्रिकी हो रही है। इसके साथ ही कलेक्टर सिंह ने उपस्थित डॉक्टर को जेनेरिक दवाई ही लिखने के निर्देश दिए। इसके बाद कलेक्टर सिंह पुराना बस स्टैण्ड स्थित धन्वंतरी मेडिकल स्टोर पहुंचे। वहां उन्होंने संचालक से वर्तमान दवाई ब्रिकी स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने के लिए इस स्टोर को किसी प्रमुख व्यवसायिक स्थान पर स्थानांतरित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने आज निर्माणाधीन सिवरेज फिल्टर प्लांट का भी निरीक्षण। उन्होंने वर्तमान में किए कार्य की जानकारी ली, अधिकारी द्वारा बताया कि वर्तमान में 86 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है। इसमें सभी सिविल वर्क पूर्ण कर दिया गया है एवं पम्पिंग का कार्य किया जा रहा है,जो जल्द पूर्ण हो जाएगा। जिसके बाद कलेक्टर सिंह ने अधिकारी द्वारा प्लांट की कार्यविधि की जानकारी ली। जिस पर संबंधित इंजीनियर द्वारा बताया कि उक्त प्लांट 25 एमएलडी का है। इसमें छः नालों के पानी को फिल्टर किया जायेगा। जिसके पश्चात कलेक्टर सिंह ने उक्त निर्माण कार्य की गति बढ़ाने के साथ ही कार्य को जल्द शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए। उक्त फिल्टर प्लांट पानी की उपयोगिता के संबंध में कलेक्टर सिंह ने जानकारी ली। जिस निगम आयुक्त एस.के.जयवर्धन द्वारा बताया कि पानी को बाद में उद्योगों में पूर्ति किया जा सकता है। साथ ही शहर के उद्यानों के लिए भी सप्लाई किया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने बताया कि प्लांट के वेस्ट मटेरियल को भी फर्टिलाइजर के रूप में उपयोग किया सकता है।

**एमएमयू की जांच में पहुंचे कलेक्टर, मरीजों ने कहा घर तक अस्पताल आने से इलाज कराना हुआ आसान** - कलेक्टर सिंह ने मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के अन्तर्गत मिट्टूमुड़ा क्षेत्र में लगाये गए एमएमयू का भी निरीक्षण लिया। इस दौरान कलेक्टर सिंह ने मरीजों से एमएमयू से होने वाली सुविधाओं पर फीडबैक लिया। जिस पर मिट्टूमुड़ा भजनडीपा निवासी कृष्ण मुरारी दुबे ने बताया कि पहले हॉस्पिटल जाने में बहुत परेशानी होती थी। लेकिन एमएमयू के घर पहुंच सेवा मिलने से काफी राहत हुई। अभी तक 2-3 बार इलाज करवा चुका हूं। घर के पास यह सुविधा मिलने से इलाज कराना पहले से बहुत आसान हो गया है। इसी तरह राजकुमारी साहू ने बताया कि अब तक चार बार स्वास्थ्य जांच करवाकर इलाज की सुविधा एमएमयू के माध्यम से ले चुकी हूॅं। घर पहुंच स्वास्थ्य सुविधा पहुंचने से अब स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी आयी है और स्वास्थ्य जांच करवाने के लिए किसी पर निर्भर भी नहीं होना पड़ता। कलेक्टर सिंह ने एमएमयू में उपस्थित डॉक्टर से प्रतिदिन आने वाले मरीजों की संख्या की जानकारी ली। जिस पर डॉक्टर द्वारा बताया गया कि प्रतिदिन 100 से अधिक मरीजों का चेकअप एवं उपचार किया जा रहा है। कलेक्टर सिंह द्वारा वर्तमान में डेंगू केस से संबंधित मरीजों की संख्या की जानकारी ली। उन्होंने एमएमयू के माध्यम से टाइफाइड चेकअप के लिए विडाल टेस्ट की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिससे अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित किया जा सके।

## प्राकृतिक आपदा से हुई असामायिक मृत्यु पर वारिसानों को सहायता राशि स्वीकृत

**रायगढ़।** अनुविभाग धरमजयगढ़ अंतर्गत प्राकृतिक आपदा से 8 लोगों की असामायिक मृत्यु होने पर कलेक्टर के अनुमोदन पश्चात एसडीएम धरमजयगढ़ द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के संशोधित प्रावधान के तहत मृतक के नजदीकी वारिसानों को 4-4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील धरमजयगढ़ अंतर्गत ग्राम-मैनीपुर के कु.पार्वती की 17 सितम्बर 2020 को आकाशीय बिजली गाज से मृत्यु होने पर उनके पिता रामेश्वर राठिया को 4 लाख रुपये, ग्राम-रतनपुर के करमसाय की 9 मई 2021 को सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी रांगी बाई को 4 लाख रुपये, ग्राम-जमरगा के परसु की 30 दिसम्बर 2020 को सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी समारी को 4 लाख रुपये, ग्राम-धनपुरी के कु.अंजली की 2 जून 2021 को सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनके पिता भारत को 4 लाख रुपये, ग्राम-बंसतपुर के नंदकुमार की 26 अक्टूबर 2020 को पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी सुशीला विश्वकर्मा को 4 लाख रुपये, ग्राम-बरतापाली के चैतराम राठिया की 15 नवम्बर 2020 को पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी गेंदीबाई को 4 लाख रुपये, ग्राम-बताती की 18 अगस्त 2020 को पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी भगवती बाई को 4 लाख रुपये तथा धरमजयगढ़ के दिवित की 23 अप्रैल 2021 को पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके पिता संतोष कुमार को 4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

## वर्ल्ड निमोनिया डे के अवसर पर साँस अभियान का शुभारंभ

» 5 साल से कम उम्र के हर एक बच्चों को लगवाये निमोनिया का टीका



**रायगढ़।** वर्ल्ड निमोनिया डे के अवसर पर आज सीएमएचओ डॉ.एस.एन.केशरी ने कार्यालय के सभागार में साँस अभियान (Social Awareness and Action to Neutralize)का शुभारंभ किया। यह अभियान 28 फरवरी 2022 तक चलेगा।

ज्ञात है कि 0-5 वर्ष तक बच्चों को निमोनिया से होने वाली मृत्यु को रोकना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। जिसके तहत नेशनल चाइल्डहुड निमोनिया मैनेजमेंट-2019 के दिशा-निर्देश का पालन करना, प्रोटेक्शन, प्रिवेंशन एण्ड ट्रीटमेंट के पहलुओं के अंतर्गत निमोनिया के संबंध में जागरूकता लाना। निमोनिया का शीघ्र पहचान एवं उपचार के संबंध में पालकों एवं समाज में जागरूकता पैदा करना एवं गंभीर निमोनिया के प्रकरणों का संस्था में उपचार का सुदृढ़ीकरण करना है।

सीएमएचओ डॉ. एस.एन. केशरी ने निमोनिया कैसे फैलता है और कैसे पनपता है? निमोनिया के लक्षण, गंभीर लक्षण, निवारण आदि के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि निमोनिया के कारण किस तरह से कम उम्र के बच्चों में निमोनिया फैल रहा है और 5 साल से कम उम्र के बच्चों में निमोनिया को मृत्यु का सबसे बड़ा कारण बताया गया। इसे घरेलू उपचार में समय ना गंवाने व इसके लक्षण को पहचान कर बच्चे को तुरंत स्वास्थ्य कार्यकर्ता के पास या स्वास्थ्य केन्द्र में ले जाने की बात कही। बच्चों द्वारा खाना-पीना न कर पाना, तेज बुखार आना, सांस लेते समय छाती का नीचे धंसना, खांसी और जुकाम का बढ़ना, तेज सांस लेना, झटके आना, सुस्ती या अधिक नींद आदि को प्रमुख बताया गया। साथ ही बच्चों की सांसो को गिनना व उससे निमोनिया के लक्षण को बताते हुए जागरूक किया गया। निमोनिया के लक्षणों का पता चलते ही इन बातों को ध्यान में रखने व इससे बचाव के लिए कई कारगर उपाए भी बताए।

सीएमएचओ डॉ. एस.एन. केशरी ने जिले के सभी पालकों को 5 साल से कम उम्र के हर एक बच्चों को निमोनिया का टीका अवश्य लगाने हेतु आग्रह किया।

## जिले के 191 स्कूलों में हुआ राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा



**रायगढ़।** एन.सी.ई.आर.टी.दिल्ली द्वारा देश भर के चयनित शासकीय, अशासकीय, नवोदय, केन्द्रीय एवं अनुदान प्राप्त विद्यालयों मे अध्ययनरत बच्चों की सीखने की क्षमता संबंधित राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वे परीक्षा 2021 ली गई। इस परीक्षा के अंतर्गत कक्षा तीसरी, पांचवी, आठवी एवं दसवीं के बच्चों का सीखने की क्षमता एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का आंकलन किया गया। चयनित विद्यालयों में रायगढ़ जिले के अंतर्गत बरमकेला में 14, धरमजयगढ़ 31, घरघोड़ा 11, खरसिया 25, लैलुंगा 14, रायगढ़ 43, सारंगढ़ 34, पुसौर 14 एवं तमनार 07 स्कूलों को शामिल किया गया था।

राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वे परीक्षा का मुख्य उद्देश्य सभी प्रदेशों के सरकारी, निजी, केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों मे अध्ययनरत बच्चों के सीखने की क्षमता के उपलब्धि स्तर का आंकलन करना है। इसी आंकलन के आधार पर भविष्य में स्कूलों, शिक्षकों, बच्चों की शैक्षणिक गतिविधियों एवं जरुरतों को ध्यान में रखकर बेहतर योजनाओं का निर्धारण किया जावेगा। इसी तारतम्य में रायगढ़ जिले के अंतर्गत चयनित 193 विद्यालयों के तीसरी, पांचवीं, आठवीं एवं दसवीं के बच्चों का आंकलन हेतु चयन किया गया। आज की परीक्षा प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला के बच्चों की परीक्षा प्रातः 10.30 बजे से 12 बजे तक एवं हाई स्कूल के बच्चों की परीक्षा प्रातः 10.30 बजे से 12.30 बजे तक सम्पन्न हुई। बच्चों को पूर्व तैयारी करने के लिए प्रातः 09 बजे तक शाला में बुलाया गया था।

परीक्षा को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए एनसीईआरटी द्वारा प्रत्येक केंद्र में एक पर्यवेक्षक एवं एक फील्ड इन्वेस्टिगेटर की नियुक्ति की गई थी साथ ही रायगढ़ जिले में प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर एक व्याख्याता को अतिरिक्त पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया गया था। साथ ही जिला स्तर के अधिकारियों एवं विकास खंड स्तर से विकास खंड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्रोत केंद्र समन्वयक के साथ-साथ संकुल प्राचार्य के द्वारा भी परीक्षा केन्द्रों का सतत निरीक्षण किया गया।

आज की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में रायगढ़ जिले के अंतर्गत कुल 193 स्कूलों को केंद्र निर्धारित किया गया था, जिसमें से 191 परीक्षा केंद्रों में परीक्षा आयोजित की गई। खरसिया विकास खंड के अंतर्गत रामप्रसाद अशासकीय विद्यालय कुरूभांठा एवं पुसौर विकासखण्ड के अंतर्गत लायंस पब्लिक स्कूल गढ़उमरिया बंद होने के कारण इन स्कूलों में परीक्षा संचालित नहीं हो पाई।

## परिवारिक तनाव के चलते युवक तीसरी मंजिल से कुदा, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

**जांजगीर (आरएनएस)।** जांजगीर में एक युवक ने अस्पताल की तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी। युवक को गंभीर हालत जिला अस्पताल रेफ र किया गया है। युवक के खुदकुशी के प्रयास का कारण स्पष्ट नहीं है। उसने बताया कि वह तनाव में था। मामला चांपा थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, चांपा में स्टेशन रोड स्थित जेजीएम हॉस्पिटल में 11 नवंबर की रात एक युवक दौड़ता हुआ छत पर पहुंच गया। उसे इस तरह भागते हुए देख लोग भी उसके पीछे दौड़े, लेकिन इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता, युवक ने छत से नीचे छलांग लगा दी। इस दौरान जमीन पर गिरने की जगह वह अस्पताल की पहली मंजिल पर जा गिरा। इसके चलते उसकी मौत तो नहीं हुई, लेकिन शरीर पर कई जगह गंभीर चोटे आई हैं। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

युवक की पहचान जांजगीर के सिवनी निवासी जोसेफ के रूप में हुई है। पुलिस उसे बीडीएम अस्पताल लेकर गई, लेकिन हालत देख रेफर कर दिया गया। शुरुआती पूछताछ में युवक ने बताया है कि वह पारिवारिक परेशानी के कारण तनाव में था। इसी के चलते उसने कदम उठाया है। इसमें किसी की गलती नहीं है। जोसेफ पहले जीओ फाइबर में ड्राइवर था, लेकिन फिर नौकरी छोड़ दी। उसके बाद से काम नहीं मिला।

# जल जीवन मिशन अंतर्गत सभी जल प्रदाय योजनाओं के काम गुणवत्ता के साथ तेजी से करें पूरा-कलेक्टर भीम सिंह

» जल जीवन मिशन से 10 नवम्बर तक 10 हजार 849 घरों तक पहुंचा नल कनेक्शन

» कलेक्टर सिंह ने जल जीवन मिशन की ली समीक्षा बैठक





**रायगढ़।** जल जीवन मिशन के तहत घरेलू नल कनेक्शन विस्तार के काम में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखें। सिंगल विलेज, मल्टी विलेज व सोलर योजना के तहत चल रही योजनाओं के तहत सारे स्वीकृत कार्यों को तेजी से पूरा करें। जिससे योजना का लाभ हितग्राहियों को शीघ्र मिल सके।

उक्त बातें कलेक्टर भीम सिंह ने जिला जल स्वच्छता मिशन की समीक्षा बैठक में कही। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत किये जा रहे कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल उपस्थित रहे। कलेक्टर सिंह ने पूर्व की बैठक में योजना से संबंधित स्वीकृत कार्यों की प्रगति और वर्तमान स्थिति पर चर्चा की। उन्होंने जल्द से जल्द सभी योजनाओं के लिए टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर सिंह ने क्रेडा द्वारा सोलर पंप स्थापित करने संबंधित कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान सोलर पंप स्थापित एवं टंकी बनाने संबंधित कार्यों के लिए जारी कार्यादेश के अनुसार काम जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने तमनार समूह जल प्रदाय योजनान्तर्गत जल शुद्धिकरण संयंत्र एवं एमबीआर निर्माण हेतु ग्राम-भैसगढ़ी में रिजर्वायर के लिए भूमि आबंटित करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि विकासखण्ड तमनार के भैसगढ़ी में स्थित पहाड़ी के ऊपर बसाहट में केलो डेम से पानी ऊपर पहुंचाया जाएगा। जहां पानी को संग्रहित करने के लिए यह रिजर्वायर बनाया जाएगा।

कलेक्टर सिंह ने जल जीवन मिशन की अद्यतन प्रगति एवं निविदाओं की स्वीकृति के अनुमोदन पर चर्चा की। ईई पीएचई संजय सिंह ने बताया कि रेट्रोफिटिंग योजना के 319, सिंगल विलेज योजना के 277, सोलर योजना के 270 सहित कुल 866 योजनाओं को प्रशासकीय स्वीकृति दी जा चुकी है तथा 613 योजनाओं की निविदायें जारी की जा चुकी है। जिसमें से 355 योजनाओं में कार्यादेश जारी किया गया है तथा 169 कार्य प्रारंभ कर दिये गये है। जिसमें से 10 नवम्बर तक की स्थिति में 10 हजार 849 घरेलू नल कनेक्शन प्रदाय किए जा चुके है।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल, संयुक्त कलेक्टर डिगेश पटेल, जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी.आदित्य सहित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल संसाधन, क्रेडा सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में रनिंग वाटर आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश-** बैठक के दौरान कलेक्टर सिंह ने आंगनबाड़ी, स्कूलों, स्वास्थ्य केन्द्र, ग्राम पंचायत भवन आदि में नल के माध्यम से रनिंग वाटर पहुंचाये जाने की समीक्षा की। उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में प्राथमिकता से रनिंग वाटर का कार्य पूरा करने के लिए कहा। यहां उन्होंने पानी के लिए इंडीपेन्डेन्ट सोर्स बनाने के निर्देश दिए। साथ ही स्कूल, आंगनबाड़ी, पंचायत, आश्रम-छात्रावास के शेष बचे भवनों में भी रनिंग वाटर का कार्य पूर्ण करने के लिए कहा।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480